तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **घेवरराम बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी)** सू.अ.अपील संख्या 191/2023	नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
28.08.23	अपीलार्थी घेवरराम पुत्र रामाराम निवासी म.न. 161, सांगरिया सर्कल, गणेश विहार, पाल लिंक रोड़, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 15.04.2023 में कार्यालय जिला कलक्टर, जोधपुर के पत्र क्रमांक भू.अ./रेकॅर्ड/2023/1663 दिनांक 10.02.2023 को अपर जिला कलक्टर (भू.अ.) ने कटान मार्ग खुलवाए जाने बाबत् तहसीलदार, लूणी को संबंधित कागजात की छायाप्रति पेश की गई। उक्त पत्र पर नियमानुसार आप द्वारा की गई कार्यवाही की प्रमाणित प्रति से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (हिमान्शु गुप्ता) जिला कलक्टर जोधपुर जिला कलक्टर, जोधपुर (राज.)	